हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 अक्तूबर 2024, समय 1305 (05 मिनट))

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को विजयदशमी के पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री धनखड़ ने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। उन्होंने सभी से सभी बुराइयों को नष्ट करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को विजयदशमी की शुभकामनाएं देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में मां दुर्गा और भगवान राम के आशीर्वाद से लोगों के जीवन के हर क्षेत्र में विजयी होने की कामना की।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भी सभी हरियाणा वासियों और देशवासियों को विजयदशमी के महापर्व की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस पर्व को पूरा देश हर्षोल्लास के साथ मनाता है। यह पर्व हमारी संस्कृति व संस्कारों से जुड़े हुए है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि 25 हजार पदों की भर्ती के परिणाम बहुत जल्दी घोषित किए जा रहे हैं और जल्द ही नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिए जाएगें। मुख्यमंत्री कल नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बी.जे.पी ने पिछले 10 वर्षो में बिना पर्ची व खर्ची वाली सरकार को चलाया है और युवाओं व उनके अभिभावकों ने बी.जे.पी पर तीसरी बार विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल के दौरान जब उन्हें मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिली तब उन्होंने 50 हजार युवाओं को नई नौकरी देने की बात कही थी और इन 50 हजार में से 15 हजार युवाओं को पिछले कार्यकाल में नियुक्ति पत्र दे दिए गए थे। उन्होंने कहा कि जब सरकार 25 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिए तैयार थी तब विपक्ष

अदालत में चला गया और चुनाव आयोग को भी पत्र लिखा कि अभी चुनाव के दौरान यह परिणाम नहीं निकाल सकते। चुनाव आयोग के निर्देश पर परिणाम रोका गया। श्री नायब सिंह ने कहा कि तब उन्होंने घोषणा की थी कि वह शपथ बाद में लेंगे, युवाओं के नियुक्ति पत्र पहले जारी होंगें। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार युवा हितैषी सरकार है और युवाओं के कल्याण के लिए लगातार कार्य करती रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं के सपनों को चूर-चूर करने का काम किया और परिणाम घोषित करने में पाबंदी लगवाई। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में हम इन सभी युवाओं और उनके परिवारों को आमंत्रित करेंगें।

****

हरियाणा की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित परेड ग्राउंड में होगा। पूर्व सांसद ब शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन के प्रभारी संजय भाटिया ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , कई राज्यों के मुख्यमंत्री, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेशभर से बी जे पी कार्यकर्ता भी शिरकत करेंगे ।

उन्होंने कहा की शपथ ग्रहण समारोह की तारीख़ अभी तय की जानी है।

****

हरियाणा में पशुओं के खुर गलने के रोग खुर विगलन से बचाव के लिए अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश सरकार ने पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में भेड़ और बकरियों में फैल रहे रोग को ध्यान में रखते हुए यह एडवाइजरी जारी की है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने प्रदेश में सतर्कता बढ़ा दी है। पड़ोसी राज्य से प्रदेश में खुर विगलन रोग फैलने से रोकने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है। राज्य सरकार ने इसके लिए लागू किए जा रहे रोग निवारक उपायों की रूपरेखा भी साझा की है। पशुपालन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में अभी तक इस रोग का कोई मामला सामने नहीं आया है।

****

पंचकूला पुलिस ने अवैध हथियारों सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध अरविंद कंबोज ने बताया कि मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ के उप निरीक्षक भीम सिंह व उसकी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 2 अवैध रिवाल्वर, 10 ज़िंदा कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी की पहचान रोहतक निवासी विजय दहिया के रूप में हुई है। वर्तमान में वो कालका में किराए पर रह रहा था। आरोपी हथियारों का लाइसेंस पेश नहीं कर सका। मामला दर्ज कर उसे कल अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है।

****

कैथल के मुंदड़ी गांव में आज सुबह गाड़ी नहर में गिरने से आठ लोगों की जान चली गई। सात शव निकाल लिए गए हैं, जबकि एक 12 वर्षीय लड़की की तलाश जारी है। हादसा उस वक्त हुआ जब कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई।

****

पलवल के ज़िला रोजगार अधिकारी शक्तिपाल ने कहा है कि परसों 14 अक्तूबर को पलवल में रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न कम्पनियों में प्रार्थियों को रोज़गार दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रोज़गार मेले का आयोजन रोजगार कार्यालय में किया जाएगा। उन्होंने सभी युवाओं से 14 अक्तूबर को ज़्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर इस रोज़गार मेले का लाभ उठाने का आहवान किया है।

****